एक नजर

गोह के साथ युवक गिरफ्तार

मुंशीगंज अमेठी । वन विभाग की टीम ने दुलापुर कला गांव के पास से बुधवार को एक युवक को जीवित गोह के साथ गिरफ्तार किया है। मौके से प्लैटिना बाइक भी जब्त की गई है। गौरीगंज रेंज के शाहगढ़ बीट प्रभारी वन दरोगा उमाशंकर शुक्ल को दोपहर करीब तीन बजे मुखबिर से सूचना मिली थी। वह पुलिसकर्मियों के साथ मौके पर पहुंचे तो बाइक सवार युवक भागने लगा। टीम ने घेराबंदी कर उसे पकड़ लिया। तलाशी में एक जीवित गोह बरामद हुआ। आरोपी की पहचान सुलतानपुर जिले के लंभुआ थाना क्षेत्र के महेशुआ निवासी रोहित पुत्र पलटू के रूप में हुई।वन दरोगा की तहरीर पर मुंशीगंज पुलिस ने वन्यजीव संरक्षण अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज किया है। प्रभारी निरीक्षक बृजेश कुमार सिंह ने बताया कि मामले में वन दरोगा की तहरीर पर केस दर्ज कर विधिक कार्रवाई की जा रही है।

आर्थिक संकट से जूझ रहे शिक्षामित्रों ने दिया ज्ञापन

मुंशीगंज अमेठी । जिले के करीब 400 शिक्षा मित्रों को पिछले तीन माह से मानदेय नहीं मिला है। दशहरा बीतने के बाद दीपावली नजदीक है लेकिन भुगतान लंबित होने से शिक्षा मित्रों के सामने आर्थिक संकट खड़ा हो गया है। परिवार का खर्च चलाने और त्योहार की तैयारी को लेकर उन्हें परेशानी हो रही है। शिक्षा मित्र शिक्षक पात्रता टीईटीसीटीईटी एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने जिलाध्यक्ष हरिशंकर शुक्ला के नेतृत्व में वृहस्पतिवार को जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा। दीपावली से पहले तीन माह का बकाया मानदेय जारी कराने की मांग की। ज्ञापन में कहा गया कि शिक्षा मित्र पूरी जिम्मेदारी से विद्यालयों में शिक्षण कार्य कर रहे हैं लेकिन समय से मानदेय नहीं मिलने से दैनिक जरूरतें पूरी करना मुश्किल हो रहा है। पदाधिकारियों ने प्रशासन से शीघ्र भुगतान कराकर राहत दिलाने की मांग की है।

संस्कृत शिक्षा परिषद की परीक्षा को जिले में तीन परीक्षा केंद्र प्रस्तावित

अमेठी । उत्तर प्रदेश माध्यमिक संस्कृत शिक्षा परिषद की वर्ष 2027 की परीक्षाओं के लिए जनपद में तीन परीक्षा केंद्र प्रस्तावित किए गए हैं। परीक्षा केंद्रों के निर्धारण को लेकर 02 नवंबर 2026 को जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय में बैठक आयोजित की गई जिसमें विद्यालयों की दूरी एवं जनहित को ध्यान में रखते हुए सर्वसम्मति से तीन परीक्षा केंद्र बनाने का प्रस्ताव पारित किया गया। जिला विद्यालय निरीक्षक डॉ राजेश द्विवेदी ने बताया कि शिक्षा निदेशक ;माध्यमिकद्ध एवं अध्यक्ष उत्तर प्रदेश माध्यमिक संस्कृत शिक्षा परिषद के निर्देशों के क्रम में आयोजित बैठक में परीक्षा केंद्र निर्धारण पर विचार.विमर्श किया गया। इसके बाद तीन परीक्षा केंद्र प्रस्तावित किए गए। इनमें श्री नागेश्वर गायत्री भवन संस्कृत माध्यमिक विद्यालय हसरमपुर जामों श्रीमत् परमहंस संस्कृत माध्यमिक विद्यालय टीकरमाफी तथा आदर्श श्री शिव बहादुर संस्कृत महाविद्यालय अहोरवा भवानी शामिल हैं। उन्होंने बताया कि संबंधित संस्कृत विद्यालयों के प्रबंधक प्रधानाचार्य छात्र.छात्राएं एवं अभिभावक अपने विद्यालय के परीक्षार्थियों के परीक्षा केंद्र आवंटन एवं अवधारणा का अवलोकन कर लें। यदि किसी प्रकार की विसंगति अथवा आपत्ति हो तो उसके संबंध में संगत साक्ष्यों एवं आवश्यक सुझावों सहित लिखित प्रत्यावेदन 06 नवंबर 2026 तक कार्यालय जिला विद्यालय निरीक्षक अमेठी में प्रस्तुत कर सकते हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि निर्धारित अंतिम तिथि के बाद प्राप्त होने वाले किसी भी प्रत्यावेदन पर विचार नहीं किया जाएगा। अत: संबंधित सभी विद्यालयों एवं अभिभावकों से अपील की गई है कि निर्धारित समय.सीमा के भीतर परीक्षा केंद्र आवंटन का परीक्षण कर लें ताकि परीक्षा केंद्र निर्धारण की प्रक्रिया पारदर्शी एवं त्रुटिरहित ढंग से संपन्न कराई जा सके।

पुलिस ने चलाया चेकिंग अभियान

मुंशीगंज अमेठी । दीपावली त्योहार के मद्देनजर सुरक्षा व्यवस्था को लेकर परतोष चौकी प्रभारी विपिन बिहारी सिंह ने वृहस्पतिवार सायं पुलिस टीम के साथ क्षेत्र में चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान सड़क से गुजर रहे दोपहिया वाहनों को रोककर चालकों की जांच की गई। संदिग्ध व्यक्तियों की तलाशी लेकर पूछताछ भी की गई। चौकी प्रभारी ने कहा कि त्योहार के दौरान शांति व्यवस्था बनाए रखने और किसी भी अप्रिय घटना को रोकने के लिए पुलिस सतर्क है। सुरक्षा के मद्देनजर क्षेत्र में लगातार गश्त और चेकिंग की जा रही है।

दीपावली पर 800 महिलाओं.बेटियों के चेहरे पर बिखेरी मुस्कान

अमेठी । दीपावली के पर्व पर जरूरतमंदों के साथ खुशियां साझा करने की पहल की गई। जगन्नाथ सेवा संस्थान के सौजन्य से उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल कार्यालय में जिला अध्यक्ष महेश सोनी की ओर से सेवा कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें 700 महिलाओं को साड़ीए लाईए चूरा व मिष्ठान वितरित किया गयाए जबकि 100 गरीब बेटियों को सूट दिए गए।इस दौरान उपहार पाकर महिलाओं और बेटियों के चेहरों पर खुशी देखने को मिली। जिला अध्यक्ष महेश सोनी ने कहा कि खुशियां बांटने से बढ़ती हैं। गरीब और जरूरतमंद परिवारों के चेहरों पर मुस्कान लाना ही सबसे बड़ा संतोष है। इसी उद्देश्य से प्रत्येक वर्ष दीपावली पर यह आयोजन किया जाता है। हिमांशु अग्रहरि सुशील जायसवाल राकेश लोहिया पूर्व चेयरमैन प्रत्याशी लक्ष्मी सोनी सीता देवी पुष्पा कनौजिया रुचि पाण्डेय और मीनू कश्यप समेत व्यापार मंडल के सदस्य मौजूद रहे।

खाद्य सुरक्षा विभाग की छापेमारी में एक कुंतल मिठाई कराई गई नष्ट

अमेठी । दीपावली त्योहार के दृष्टिगत जनपद में मिलावटी खाद्य पदार्थों की बिक्री पर प्रभावी रोक लगाने तथा आमजन को सुरक्षित एवं गुणवत्तापूर्ण खाद्य सामग्री उपलब्ध कराने के उद्देश्य से खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग द्वारा जांच एवं छापेमारी अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में जिलाधिकारी शशांक चौधरी के आदेशानुसार बुधवार को सहायक आयुक्त ;खाद्यद्ध.प्प् सतीश कुमार शुक्ला के नेतृत्व में खाद्य सुरक्षा अधिकारियों की टीम ने मुसाफिरखाना एवं जगदीशपुर क्षेत्र में मिठाई की दुकानों का निरीक्षण कर खाद्य पदार्थों के नमूने संकलित किए। अभियान के दौरान खाद्य सुरक्षा अधिकारी एसके चौहान द्वारा मुसाफिरखाना स्थित श्री खेतेश्वर राजस्थान स्वीट्स से खोया निर्मित मिठाई का नमूना लिया गया। प्रतिष्ठान में पाई गई कमियों के आधार पर संचालक को सुधार सूचना नोटिस भी जारी किया गया। इसी क्षेत्र में मनीष कुमार पुत्र कालूराम के मिठाई प्रतिष्ठान से कालाजाम एवं खोया के नमूने संकलित किए गए। वहीं खाद्य सुरक्षा अधिकारी पूजा गुप्ता द्वारा जगदीशपुर स्थित राजस्थानी स्वीट्स से खोया तथा कौशल किशोर सैनी की मिठाई की दुकान से कलाकंद का नमूना लिया गया। इस प्रकार अभियान के दौरान कुल पांच नमूने संकलित किए गए जिन्हें जांच के लिए खाद्य विश्लेषक प्रयोगशाला भेजा गया है। इसके अतिरिक्त मौके पर लगभग एक कुंतल मिठाई जिसकी अनुमानित कीमत 30 हजार रुपये बताई गई है नष्ट कराई गई। निरीक्षण के दौरान प्रतिष्ठानों को कुल तीन सुधार सूचना नोटिस भी जारी किए गए।

आग से झुलसी किशोरी का लखनऊ मेडिकल कॉलेज में इलाज के दौरान मौत

चांदा । शनिवार देर शाम चांदा कोतवाली क्षेत्र के मरछा गांव में किशोरी व उसका प्रेमी युवक अपने आप पर पेट्रोल छिड़क कर आग के हवाले कर दिया था । जिनका लखनऊ स्थित मेडिकल कॉलेज में इलाज चल रहा था । आग से झुलसी किशोरी का बुधवार की रात में लखनऊ में इलाज के दौरान मौत हो गयी । मामले में चांदा पुलिस ने किशोरी के पिता की तहरीर पर प्रेमी युवक व उसकी माँ बहन के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत कर लिया था। वही गांव में सब इंस्पेक्टर सहित पुलिस बल व पी ए सी के जवान तैनात है । गांव में शांति का माहौल है । किशोरी के शव का लखनऊ में ही पंचनामा करके पोस्टमार्टम कराया जा रहा है । चांदा कोतवाली क्षेत्र के मरछा गांव में प्रेम प्रसंग का मामला चल रहा था । जिसमें एक किशोरी एक गांव के ही युवक के प्रेम प्रसंग में पड जाने के कारण बहकावे में आकर युवक के घर चली गई थी । चांदा कोतवाली की पुलिस दोनों को समझा बूझाकर थाने लाने का प्रयास ही कर रहे थे कि प्रेमी युवक द्वारा अपने व किशोरी के ऊपर ज्वलन शील पदार्थ डालकर आग के हवाले कर दिया था । जिससे दोनों लोग बुरी तरह झुलस गए थे । दोनों को रात में ही सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र प्रतापपुर कमैचा भर्ती कराया गया था । जहां से प्राथमिक इलाज के बाद जिला मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिए गया था । जहां पर हालत गंभीर होने की दशा में दोनों को रात में ही लखनऊ ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया गया । दोनों का मेडिकल कॉलेज लखनऊ में इलाज चल रहा था । गुरुवार की भोर किशोरी का इलाज के दौरान मौत हो गयी । किशोरी की मौत की सूचना जैसे ही मरछा गांव में मातम फ़ैल गया ।मामले के गांव में भी पुलिस बल व पी ए सी के जवान तैनात है । इस सम्बन्ध में प्रभारी निरीक्षक कोतवाली चांदा राजकुमार वर्मा ने बताया कि किशोरी की मौत हो गयी । उसके शव का पंचनामा कराकर पोस्टमार्टम कराया जा रहा है

खेलकूद से बच्चों में विकसित होती है अनुशासन, टीम भावना एवं आत्मविश्वास की भावना- डीएम



रायबरेली । जनपद में परिषदीय विद्यालयों के छात्र-छात्राओं की खेल प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने तथा उनमें खेल भावना, अनुशासन एवं प्रतिस्पर्धा की भावना विकसित करने के उद्देश्य से पुलिस लाइन के क्रीड़ा मैदान में आयोजित दो दिवसीय जनपदीय बेसिक क्रीड़ा प्रतियोगिता एवं शैक्षिक समारोह 2026-27 का जिलाधिकारी सरनीत कौर ब्रोका ने शुभारम्भ किया। कार्यक्रम के शुभारम्भ अवसर पर जिलाधिकारी ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलित कर समारोह का विधिवत उद्घाटन कर प्रतिभागी बच्चों का उत्साहवर्धन किया तथा खेल प्रतियोगिताओं के सफल आयोजन के लिए शुभकामनाएं दीं इस अवसर पर जिलाधिकारी ने अपने संबोधन में कहा कि खेलकूद विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास का महत्वपूर्ण माध्यम है। खेलों से बच्चों में अनुशासन, आत्मविश्वास, नेतृत्व क्षमता, आपसी सहयोग एवं टीम भावना का विकास होता है। उन्होंने कहा कि पढ़ाई के साथ-साथ खेलकूद एवं अन्य रचनात्मक गतिविधियों में भी बच्चों की सक्रिय भागीदारी आवश्यक है। खेल प्रतियोगिताएं बच्चों को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने तथा आगे बढ़ने का बेहतर अवसर प्रदान करती हैं। उन्होंने सभी प्रतिभागी छात्र-छात्राओं को खेल भावना के साथ प्रतियोगिताओं में प्रतिभाग करने तथा अपनी उत्कृष्ट प्रतिभा का प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित किया तथा सभी प्रतिभागियों को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। दो दिवसीय जनपदीय बेसिक क्रीड़ा प्रतियोगिता एवं शैक्षिक समारोह में जनपद के विभिन्न विकास खण्डों से आए परिषदीय विद्यालयों के छात्र-छात्राएं विभिन्न खेलकूद एवं शैक्षिक प्रतियोगिताओं में प्रतिभाग कर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। प्रतियोगिता के माध्यम से बच्चों को अपनी खेल प्रतिभा निखारने एवं आगे की प्रतियोगिताओं के लिए स्वयं को तैयार करने का अवसर प्राप्त होगा।

इस अवसर पर जिला विद्यालय निरीक्षक संजीव कुमार सिंह, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी राहुल सिंह, क्षेत्राधिकारी नगर आशीष निगम, खण्ड शिक्षा अधिकारी ऋचा सिंह, सत्यप्रकाश सिंह, विजय प्रकाश सहित शिक्षा विभाग के संबंधित अधिकारी, शिक्षक-शिक्षिकाएं, विभिन्न विद्यालयों के बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

बाल प्रदर्शनी में श्री बरखंडी विद्या पीठ के छात्र का हुआ सम्मान

शिवगढ़ (रायबरेली) । पीएम श्री राजकीय इंटर कॉलेज रायबरेली में आयोजित बाल वैज्ञानिक प्रदर्शनी में श्री बरखंडी विद्यापीठ इंटर कॉलेज के कक्षा 12 के छात्र अमन मंसूरी के मॉडल को सीनियर वर्ग में प्रथम पुरस्कार से सम्मानित किया गया। विद्यालय के इस होनहार छात्र के प्रदर्शन पर विद्यालय के संरक्षक राजा राकेश प्रताप सिंह, प्रबंधक कुंवर हनुमत सिंह, प्रधानाचार्य राजकुमार गुप्ता, परीक्षा प्रभारी ओम प्रकाश सिंह, भूपेंद्र कुमार, शिक्षक लक्ष्मी नारायण, अभिषेक मिश्रा, अभयराज सरोज, शैलेन्द्र सिंह, विजय प्रताप सिंह, जगत बहादुर सिंह, अविनाश आदि ने छात्र को बधाई देते हुए उसके उज्जवल भविष्य शुभकामनाएं प्रेषित की है।

खोर गांव में भाजपा नेता अरविंद श्रीवास्तव ने सुनीं जनसमस्याएं

रायबरेली । नगर पालिका परिषद रायबरेली के अंतर्गत औद्योगिक क्षेत्र के पीछे स्थित खोर गांव में भाजपा एनजीओ प्रकोष्ठ के जिला संयोजक अरविंद श्रीवास्तव एडवोकेट ने क्षेत्र का भ्रमण कर स्थानीय निवासियों की समस्याओं को जाना और एक जनसभा को संबोधित किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि निर्धन एवं जरूरतमंद लोगों की आत्मा में ईश्वर का वास होता है और उनकी सेवा करना सबसे बड़ा पुण्य कार्य है। उन्होंने क्षेत्र की बदहाल स्थिति पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि लगभग तीन दशक से नगर पालिका क्षेत्र में शामिल होने के बावजूद खोर गांव आज भी नगरीय मूलभूत सुविधाओं से वंचित है, जो दुर्भाग्यपूर्ण है। उन्होंने क्षेत्रवासियों की समस्याओं को प्राथमिकता से उठाने और उनके समाधान के लिए प्रयास करने की बात कही। दीपावली के पूर्व आयोजित कार्यक्रम में 101 जरूरतमंद परिवारों को दीपावली किट वितरित कर त्योहार की खुशियां साझा की गईं।



10 लीटर शराब व 50 किलो महुआ लहन बरामद

रायबरेली । आबकारी आयुक्त, उत्तर प्रदेश, प्रयागराज के निर्देशों के क्रम में अवैध शराब के निर्माण, बिक्री एवं तस्करी के विरुद्ध चलाए जा रहे प्रवर्तन अभियान के तहत आबकारी विभाग की टीम द्वारा छापेमारी की कार्रवाई की गई। आबकारी निरीक्षक क्षेत्र-4 अमित कुमार श्रीवास्तव ने हमराह टीम के साथ सलोन तहसील के थाना नसीराबाद अंतर्गत ग्राम राजापुर गड़ा एवं परैया नमकसार में अवैध कच्ची शराब बनाने के अड्डों तथा संदिग्ध घरों पर दबिश दी।

बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता में धारूपुर जूनियर विद्यालय का दबदबा व्यक्तिगत और सामूहिक स्पर्धाओं में झटके पांच स्वर्ण पदक

सुल्तानपुर । कुड़वार ब्लॉक के कम्पोजिट विद्यालय कुड़वार प्रथम में आयोजित ब्लॉक स्तरीय बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता में धारूपुर जूनियर विद्यालय के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। व्यक्तिगत स्पर्धाओं में चार स्वर्ण पदक और सामूहिक खेल में एक स्वर्ण पदक हासिल कर विद्यालय प्रतियोगिता में सबसे आगे रहा।व्यक्तिगत चैंपियनशिप के बालिका वर्ग में जूनियर विद्यालय धारूपुर की रागिनी ने प्रथम स्थान हासिल किया, जबकि बालक वर्ग में कम्पोजिट विद्यालय कुड़वार प्रथम के नीतेश व्यक्तिगत चैंपियन बने।जूनियर वर्ग की कबड्डी प्रतियोगिता में बालिका वर्ग में कम्पोजिट विद्यालय कुड़वार प्रथम की टीम विजेता तथा बबुरी की टीम उपविजेता रही।उच्च प्राथमिक स्तर की 100 मीटर दौड़ बालक वर्ग में कम्पोजिट विद्यालय कुड़वार प्रथम के नीतेश ने प्रथम, कम्पोजिट विद्यालय भण्डरा के पीयूष ने द्वितीय तथा कम्पोजिट विद्यालय रवनियां पूरब के वीरेंद्र यादव ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।वहीं बालिका वर्ग की दौड़ प्रतियोगिता में कम्पोजिट विद्यालय कुड़वार की काजल प्रथम, कम्पोजिट विद्यालय रवनियां पश्चिम की अंकिता द्वितीय तथा उच्च प्राथमिक विद्यालय नौगवांतीर की शांति तृतीय स्थान पर रहीं।खो-खो बालिका वर्ग में जूनियर हाईस्कूल धारूपुर की टीम विजेता तथा जूनियर हाईस्कूल धरावां की टीम उपविजेता रही।प्रतियोगिता में विजेता एवं उपविजेता खिलाड़ियों को ब्लॉक प्रमुख द्वारा मेडल देकर सम्मानित किया गया। धारूपुर जूनियर विद्यालय के खिलाड़ियों के उत्कृष्ट प्रदर्शन से विद्यालय परिवार में उत्साह का माहौल रहा। विद्यालय की टीम अब जिला स्तरीय प्रतियोगिता में ब्लॉक का प्रतिनिधित्व करेगी।

10 पदक विजेता खिलाड़ियों को मेडल एवं प्रमाण पत्र प्रदान कर किया सम्मानित

सुलतानपुर । जिलाधिकारी इंद्रजीत सिंह द्वारा मध्य प्रदेश में आयोजित होने वाली राष्ट्रीय स्तरीय क्रीड़ा प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने हेतु चयनित प्रदेश स्तरीय विद्यालयीय क्रीड़ा प्रतियोगिता के 10 पदक विजेता खिलाड़ियों को मेडल एवं प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित एवं प्रोत्साहित किया गया। इस अवसर पर जिलाधिकारी महोदय ने खिलाड़ियों की उपलब्धियों की सराहना करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की तथा राष्ट्रीय स्तर पर जनपद एवं प्रदेश का नाम रोशन करने के लिए प्रेरित किया।

प्रदेश स्तरीय विद्यालयीय क्रीड़ा प्रतियोगिता में जनपद के खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए कुल 10 पदक प्राप्त किए, जिसमें 06 स्वर्ण, 02 रजत एवं 02 कांस्य पदक शामिल हैं। स्वर्ण पदक विजेताओं में बॉक्सिंग में कु0 पलक तिवारी, वुशु में अंकुल पाल, एथलेटिक्स की 3000 मीटर एवं 1500 मीटर दौड़ में छाया अग्रहरि, टेबल टेनिस में कु0 सानिया तथा कबड्डी में कु0 लक्ष्मी पाल ने शानदार प्रदर्शन कर स्वर्ण पदक प्राप्त किया। इसी क्रम में वॉलीबॉल प्रतियोगिता में कुआद्या एवं कु नैन्सी ने रजत पदक हासिल किया। वहीं वॉलीबॉल में कु0 कशिश तथा एथलेटिक्स की 800 मीटर दौड़ में कु0 छाया अग्रहरि ने कांस्य पदक प्राप्त कर जनपद को गौरवान्वित किया। सभी पदक विजेता खिलाड़ियों को बधाई देते हुए कहा कि खेलकूद विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास का महत्वपूर्ण माध्यम है। खेलों से अनुशासन, आत्मविश्वास, परिश्रम एवं टीम भावना का विकास होता है। उन्होंने खिलाड़ियों को आगामी राष्ट्रीय स्तरीय प्रतियोगिता में भी पूरी लगन, मेहनत एवं खेल भावना के साथ प्रतिभाग करने तथा उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के लिए प्रोत्साहित किया। इस अवसर पर संबंधित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

रघुवीर इंस्टीट्यूट में तीन वर्षीय जीएनएम में सीधे प्रवेश का सुनहरा अवसर

लालगंज (रायबरेली) । लालगंज स्थित रघुवीर इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग एंड पैरामेडिकल साइंसेज में तीन वर्षीय जीएनएम कोर्स में अब भी सीधे प्रवेश मिल रहा है। यह जानकारी संस्थान की मैनेजिंग डायरेक्टर डॉ. मोनिका मिश्रा ने दी। डॉ. मोनिका मिश्रा ने बताया कि जीएनएम में मात्र दो सीटें खाली हैं। 15 नवंबर तक एडमिशन संभव है।

जो भी छात्र-छात्राएं नर्सिंग कोर्स के माध्यम से रोजगार पाना चाहते हैं, उनके लिए यह सुनहरा अवसर है। उन्होंने बताया कि इसके बाद सरकार ने नियम में बदलाव करते हुए प्रवेश के लिए स्टेट स्तर पर प्रवेश परीक्षा शुरू कर दी है, जिससे एडमिशन हो पाना बड़ा ही मुश्किल हो जाएगा।

वरिष्ठ नागरिकों के अधिकारों के प्रति जागरूकता का संदेश

आनंद वृद्धाश्रम में विधिक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

सुलतानपुर । जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशन में वरिष्ठ नागरिकों के अधिकार एवं साक्षरता दिवस के अवसर पर पयागीपुर स्थित आनंद वृद्धाश्रम में विधिक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का संयोजन जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव मुक्ता त्यागी के नेतृत्व में किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव मुक्ता त्यागी ने कहा कि वरिष्ठ नागरिक हमारे समाज की अमूल्य धरोहर हैं। उनका सम्मान, सुरक्षा और सम्मानजनक जीवन सुनिश्चित करना केवल परिवार की ही नहीं, बल्कि पूरे समाज की नैतिक एवं सामाजिक जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि बुजुर्गों ने अपने जीवन का महत्वपूर्ण हिस्सा परिवार और समाज के निर्माण में समर्पित किया है, इसलिए उनके अधिकारों की रक्षा करना हम सभी का कर्तव्य है।उन्होंने वरिष्ठ नागरिकों के कानूनी अधिकारों, भरण-पोषण, सुरक्षा तथा नि:शुल्क विधिक सहायता के संबंध में किसी भी वरिष्ठ नागरिक को अपने अधिकारों से वंचित नहीं रहना चाहिए। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जरूरतमंद और असहाय लोगों को न्याय दिलाने के लिए सदैव तत्पर है।इस अवसर पर पैरा लीगल वालंटियर सर्वेश कुमार सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि बुजुर्ग माता-पिता का सम्मान करना भारतीय संस्कृति और सनातन परंपरा की मूल पहचान है। जिस घर में बुजुर्गों का सम्मान होता है, वहां संस्कार, अनुभव और आशीर्वाद की पूंजी हमेशा बनी रहती है। उन्होंने कहा कि वृद्धाश्रम में रहने वाले प्रत्येक बुजुर्ग को अपनत्व, सम्मान और स्नेह देना समाज की सामूहिक जिम्मेदारी है। वरिष्ठ नागरिकों को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करने के साथ-साथ उनके जीवन में सम्मान और खुशियां लाने के लिए भी समाज को आगे आना चाहिए। कार्यक्रम का उद्देश्य वरिष्ठ नागरिकों को यह भरोसा दिलाना था कि वे समाज पर बोझ नहीं, बल्कि समाज की अमूल्य धरोहर हैं और उनके सम्मान एवं अधिकारों की रक्षा के लिए विधिक सेवा प्राधिकरण सदैव उनके साथ खड़ा है।

दिपाली खरीदते समय हम लोग मोलभाव न करे डा.आर.ए वर्मा



सुल्तानपुर । गोमती हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर प्राइवेट लिमिटेड के निदेशक श्रीमती पल्लवी वर्मा के संयोजन में दीपावली के शुभ अवसर पर बृहस्पतिवार के दिनगोमती हॉस्पिटल से जुड़े सभी दवा व्यवसाईयों के साथ दीपावली मिलन का कार्यक्रम हॉस्पिटल की निदेशक श्रीमती पल्लवी वर्मा के संयोजन में संपन्न हुआ सभी व्यवसाईयों को संबोधित करते हुए सुप्रसिद्ध फिजिशियन एवं हृदय रोग विशेषज्ञ डॉक्टर आर ए वर्मा ने सभी व्यवसाईयों को दीपावली के पर्व की शुभकामनाएं देते हुए सबके उज्जवल भविष्य की कामना की साथ ही साथ कहा कि हमारे आपके द्वारा समाजके ऐसे लोगों के घर मिठाइयों से भेजना है जिन्हें आपको महसूस होती उनके घर पर मिठाई नहीं है हम सभी लोग दियली खरीदे तो उस समय मोलभाव ना करें ऐसी जगह पर हम लोग पैसा खर्च कर देते हैं जहां कोई मोलभाव नहीं होता और जब फुटपाथ पर बैठे लोगों से सौदा करते हैं तो वहां मोल भाव जरूर करते हैंयह हम सभी लोगों का कर्तव्य है हमारे द्वारा ऐसी कोई दवा नहीं बेची जाए जिससे समाज कानुकसान हो राजस्थान जैसी घटना की पुनरावृत्ति ना हो श्रीमती पल्लवी वर्मा आए सभी अतिथियो को दीपावली की बधाई देते हुए कहां की आप सभी लोग हमारे अंग हम लोगों का कार्य एक दूसरे के बिना चल नहीं सकता है आप सभी इस कार्यक्रम में आए इसके लिए हम आप सभी लोगों के आभारी है समारोह में डॉक्टर सुप्रीत वर्मा डॉक्टर सुमित वर्मा रोजाली करण लालजी वर्मा कार्यक्रम में प्रमुख रूप से विजय गुप्ता अजय सिंह गौरव सिंह प्रमोद मिश्रा संजय जायसवाल विनोद तिवारी अजय पाठक अदिति मेडिकल स्टोर मनोज बरनवाल मनोज यादव सहित दो दर्जन से अधिक दवा व्यवसाय उपस्थित रहे।

एक नजर

कफ सिरप की एक शीशी बनी चार साल की मासूम की मौत की वजह घर में पसरा मातम, दवाओं को बच्चों की पहुंच से दूर रखने की अपील



हरदोई । टड़ियावां क्षेत्र के हरई गांव निवासी चार वर्षीय मासूम अल्काफिया की कफ सिरप पीने से मौत हो गई। इस दर्दनाक घटना ने पूरे परिवार को झकझोर कर रख दिया। बच्ची अपनी मां रेहाना के साथ सांडी थाना क्षेत्र के पिंडारी गांव में रिश्तेदारी में गई थी। परिजनों के मुताबिक, दो दिन से खांसी होने के कारण घर में रखी एक बुजुर्ग की कफ सिरप की शीशी बच्ची के हाथ लग गई। मासूम ने पूरी शीशी पी ली और कुछ देर बाद इसकी जानकारी अपनी दादी को भी दी। शाम तक बच्ची सामान्य रूप से खेलती रही, लेकिन रात में अचानक उसकी हालत बिगड़ने लगी। सुबह चिकित्सक को बुलाया गया। इसके बाद कई चिकित्सकों को दिखाने के बाद बच्ची को मेडिकल कॉलेज ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।मेडिकल कॉलेज के इमरजेंसी प्रभारी डॉ. अमित आनंद के अनुसार, बच्ची को मृत अवस्था में अस्पताल लाया गया था। परिजनों से मिली जानकारी के आधार पर दवा की अधिक मात्रा लेने से सांस और हृदय गति रुकने की आशंका जताई गई।यह घटना अभिभावकों के लिए गंभीर चेतावनी है। दवाइयां, सिरप और गोलियां बच्चों की पहुंच से हमेशा दूर सुरक्षित स्थान पर रखनी चाहिए। गलती से अधिक दवा पी लेने पर लक्षणों का इंतजार किए बिना तत्काल अस्पताल पहुंचना चाहिए।

सीसीटीवी फुटेज जांचने की उठाई मांग

शाहाबाद (हरदोई) । शाहाबाद तहसील परिसर के बाहर फोटोकॉपी की दुकान संचालित करने वाले एक युवक और दूसरे थाना क्षेत्र की हिंदू युवती के बीच कथित नजदीकियों को लेकर विवाद का मामला सामने आया है। मामले को लेकर कुछ हिंदू संगठनों ने आपत्ति जताते हुए इसे कथित तौर पर लव जिहाद का मामला बताया है।सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार, वाजिदखेल निवासी अफजल पुत्र हुसैन तहसील गेट के बाहर खोखे में फोटोकॉपी की दुकान चलाता है। आरोप है कि थाना सेहरामऊ क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली युवती से उसकी नजदीकियां हैं। इसको लेकर क्षेत्र में तरह-तरह की चर्चाएं हो रही हैं।सूत्रों के हवाले से यह भी दावा किया जा रहा है कि युवक युवती को वाजिदखेल स्थित अपने आवास के निकट मदरसा अनवारे मुस्तफा तक ले जाता रहा है। संबंधित स्थान पर सीसीटीवी कैमरे लगे होने की बात कही जा रही है। आरोपों की पुष्टि के लिए एक महीने की सीसीटीवी फुटेज की निष्पक्ष जांच कराने की मांग उठाई गई है। हालांकि, मामले में लगाए गए आरोपों की स्वतंत्र पुष्टि नहीं हुई है। पुलिस की आधिकारिक जांच और संबंधित पक्षों का बयान सामने आना बाकी है।

रास्ता पूछने के बहाने टप्पेबाजों ने दिया वारदात को अंजाम

माधौगंज (हरदोई) । कस्बे में बैंक ऑफ बड़ौदा शाखा के पास टप्पेबाजों ने किसान को निशाना बनाकर उसकी जेब से 20 हजार रुपये पार कर दिए। वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपी मोटरसाइकिल से फरार हो गए। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मल्लावां थाना क्षेत्र के लच्छीपुर गांव निवासी ईश्वरी पुत्र भगवानदीन ने पुलिस को बताया कि बुधवार, चार नवंबर को उन्होंने गल्ला मंडी में धान बेचकर 20 हजार रुपये प्राप्त किए थे। इसके बाद वह ट्रैक्टर लेकर बैंक ऑफ बड़ौदा शाखा के पास पहुंचे और ट्रैक्टर खड़ा कर दिया।दोपहर करीब 1:16 बजे वह पास की दुकान पर सेब खरीद रहे थे। इसी दौरान दो अज्ञात व्यक्ति उनके पास पहुंचे और मंडी जाने का रास्ता पूछने लगे। बातचीत में उलझाकर आरोपियों ने उनकी जेब से 20 हजार रुपये निकाल लिए और मोटरसाइकिल से फरार हो गए। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर टप्पेबाजों की तलाश शुरू कर दी है।

चार लोगों पर मुकदमा दर्ज

माधौगंज (हरदोई) । थाना क्षेत्र के खंदेरिया गांव में मोबाइल चोरी का आरोप लगाने को लेकर विवाद हो गया। आरोप है कि चार लोगों ने घर में घुसकर दंपती और उनके बेटे के साथ लाठी-डंडों से मारपीट की तथा जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने चार आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।खंदेरिया निवासी हरिराम पुत्र मूधन आरख ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि तीन नवंबर की शाम करीब 7:30 बजे वह खेत में काम कर रहा था। इसी दौरान उसे जानकारी मिली कि उसके पुत्र शनि पर मोबाइल चोरी का आरोप लगाया जा रहा है।आरोप है कि इसी बात को लेकर विपक्षी राजू, सुनील, प्रिंस और अंकुश उसके घर पहुंचे। चारों ने घर में घुसकर उसकी पत्नी पुष्पा और पुत्र विमल को लाठी-डंडों से पीटा तथा जान से मारने की धमकी दी।थानाध्यक्ष जय प्रकाश मिश्रा ने बताया कि पीड़ित की तहरीर पर चारों आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। मामले की जांच की जा रही है।

पांच लाख के कर्ज के बहाने किसान की दो करोड़ की जमीन का बैनामा कराने का आरोप, पांच लोगों पर मुकदमा

माधौगंज (हरदोई) । पांच लाख रुपये उधार देने के नाम पर किसान की करीब दो करोड़ रुपये कीमत की जमीन का धोखाधड़ी से बैनामा कराने का मामला सामने आया है। विरोध करने पर मारपीट और जान से मारने की धमकी देने का भी आरोप है। पीड़ित की शिकायत पर माधौगंज पुलिस ने पांच लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।थाना क्षेत्र के तेरवा गांव निवासी मनीष पाल ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि वह अविवाहित है और अपनी रोजी-रोटी के लिए योगेंद्र यादव के यहां काम करता था। आरोप है कि मार्च महीने में योगेंद्र यादव ने पांच लाख रुपये की जरूरत बताते हुए उसकी जमीन गिरवी रखने की बात कही और रुपये मिलने पर जमीन छुड़ाने का आश्वासन दिया।पीड़ित के मुताबिक, 16 मार्च को उसे बिलग्राम तहसील ले जाया गया, जहां उसकी जमीन का बैनामा करा लिया गया। आरोप है कि जमीन के बदले मिलने वाली रकम भी उसके खाते में नहीं पहुंची। पीड़ित ने जमीन की कीमत करीब दो करोड़ रुपये बताई है।मनीष पाल का आरोप है कि पांच जुलाई को आरोपी उसके घर पहुंचे और गाली-गलौज करते हुए मारपीट की। साथ ही जान से मारने की धमकी भी दी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर सुधीर कुमार, योगेंद्र यादव, प्रभात सिंह, रोहित और रविंद्र कुमार के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। मामले की जांच जारी है।

लाखों के नुकसान की आशंका

हरदोई । शहर कोतवाली क्षेत्र के बिलग्राम रोड स्थित जल जीवन मिशन की एनसीसी कंपनी के गोदाम में गुरुवार तड़के करीब 3:30 बजे भीषण आग लग गई। आग की लपटें उठती देख हड़कंप मच गया। सूचना पर पहुंची अग्निशमन विभाग की टीम ने आग की भयावहता को देखते हुए सदर, संडीला और बिलग्राम से कुल छह दमकल गाड़ियां बुला लीं। करीब चार घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका।गोदाम के आसपास प्लास्टिक स्क्रैप होने के कारण आग तेजी से फैलने का खतरा बना हुआ था। दमकल कर्मियों ने लगातार प्रयास कर आग को आसपास के क्षेत्र में फैलने से रोका। अग्निशमन अधिकारी महेश प्रताप सिंह के मुताबिक, घटना में किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई है।प्रारंभिक जांच में आग लगने की वजह शॉर्ट सर्किट प्रतीत हो रही है। हालांकि, आग से हुए वास्तविक नुकसान का आकलन सर्वेयर की जांच के बाद ही स्पष्ट हो सकेगा।

युवती का शव फंदे से लटकता मिला मौके पर स्थानीय पुलिस मौजूद

चांदा । स्थानीय चांदा कोतवाली क्षेत्र की बैतीकला गांव में एक किशोरी का शव फ़ासी के फंदे से लटकता हुआ मिला । सूचना पर पहुंची चांदा पुलिस में शव को नीचे करवाया ।

गुरुवार देर शाम चांदा कोतवाली क्षेत्र के बैतीकला निवासी मोहम्मद इस्लाम की 17 वर्षीय पुत्री शाहीन का शव घर में बल्ली के सहारे रस्सी से लटकता हुआ मिला । परिजनों के मुताबिक किशोरी मानसिक रूप से विक्षिप्त थी ।चांदा पुलिस मौके पर पहुचकर युवती के शव का पंचनामा करके विधिक कार्रवाई शुरू किया।